प्रेस विज्ञप्ति
जनपद मुरादाबाद

दिनांकः-19-11-2022

1-सट्टे की खाईबाडी करते हुये 02 आरोपी गिरफ्तार,थाना मुगलपुराः-

अवगत कराना है दिनांक 18.11.2022 की रात्रि को उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्तगण 1.आसिफ पुत्र भूरा निवासी किनारे वाली मस्जिद बरबलान थाना मुगलपुरा, मुरादाबाद 2. फराज पुत्र मौ0 अय्यूब निवासी कुवंर साहब वाली गली बरबलान थाना मुगलपुरा मुरादाबाद को मय 2,450/- रूपये, 02 कैलकुलेटर डिजिटल, 02 सट्टा डायरी आदि के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मुगलपुरा पर मु0अ0सं0-158/22 धारा-3/4 जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया।

2.दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना गलशहीदः-

अवगत कराना है दिनांक 23.08.2022 को वादिनी निवासी थाना गलशहीद क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के घर में घुसकर दुष्कर्म करने,गर्भपात करना व शिकायत करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना गलशहीद पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना गलशहीद पर मु0अ0सं0-122/2022 धारा-452/376/377/313/504/506 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 19.11.2022 को निरीक्षक श्री दिनेश कुमार अपराध शाखा द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त रणधीर सिहं उर्फ बब्लू पुत्र करन सिहं निवासी लोधीपुर जवाहरनगर थाना मझोला,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

3.गौवंशीय पशु को क्रुरता पूर्वक बांधकर वध करने का प्रयास करने के 02 और आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-

अवगत कराना है दिनांक 01.10.2022 को उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना मैनाठेर ने अभियुक्तगण द्वारा गौवंशीय पशु को क्रुरता पूर्व वध करने के उद्देश्य से बांधने तथा मौके से एक आरोपी के पशु काटने के उपकरणो सहित पकडने जाने के संबंध में थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-292/2022 धारा 3/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रूरता अधि0 पंजीकृत कराया गया। उक्त संबंध में आज दिनांक 19.11.2022 को उ0नि0 श्री सौरभ यादव थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के मुकदमा उपरोक्त में वांछित दो और आरोपीगण 1.गुलाम नवी पुत्र फरीद कुरैशी 2.भूरा पुत्र नौशे निवासीगण ग्राम मिलक लालपुर गंगवारी थाना मैनाठेर,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

4.अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना ठाकुरद्वाराः-

अवगत कराना है आज दिनांक 19.11.2022 को उ0नि0 श्री सोहनपाल सिंह थाना ठाकुरद्वारा ने मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त परवेज उर्फ गनी पुत्र जाकिर निवासी कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद को मय एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना ठाकुरद्वार पर मु0अ0सं0-517/22 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

5.सट्टे की खाईबाडी करते हुये एक अभियुक्त गिरफ्तार,थाना ठाकुरद्वाराः-

अवगत कराना है दिनांक 18.11.2022 को उ0नि0 श्री सोहनपाल थाना ठाकुरद्वारा ने मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त साहिल पुत्र मेहंदी हसन निवासी बंजारन कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद को एक सट्टा पर्चा, डाट पेन व 810/ रु0 सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0-515/22 धारा-13 (जी एक्ट) पंजीकृत किया गया।